वर्ष- 3 , अंक- 161
छपरा
15 मई शुक्रवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## बंगाल में गायें काटने पर रोक, सार्वजनिक बूचड़खाने भी बंद

### सुवेंदु सरकार 75 साल पुराना कानून लाई; जानवर काटने से पहले डॉक्टर फिटनेस सर्टिफिकेट देगा

**कोलकाता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने राज्य में गाएं काटने पर रोक लगा दी है। सीएम सुवेंदु ने 1950 के बंगाल कानून और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए एक नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में यह कहा गया है कि बिना 'फिटनेस सर्टिफिकेट' के किसी भी मवेशी-भैंस की हत्या पूरी तरह से प्रतिबंध है। बंगाल सरकार ने कहा कि फिटनेस सर्टिफिकेट केवल किसी नगरपालिका के अध्यक्ष, किसी पंचायत समिति के प्रमुख और एक सरकारी पशु चिकित्सक के साथ मिलकर जारी किया जाएगा। यह सर्टिफिकेट तभी जारी होगा जब अथॉरिटी सहमत हो कि जानवर 14 साल से ज्यादा उम्र का है, वह प्रजनन के लायक नहीं और बूढ़ा है। चोटिल और अपंग है, या लाइलाज बीमारी के कारण अक्षम है। इसके अलावा सार्वजनिक बूचड़खानों पर भी रोक लगा दी गई है। सरकार ने कहा है कि जानवरों की हत्या केवल नगरपालिका के बूचड़खाने, या स्थानीय प्रशासन से निर्धारित बूचड़खाने में ही की जाएगी। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी के 15 साल के शासन को खत्म करने के बाद कई बड़े कदम उठाए हैं। पशु हत्या से जुड़ा 75 साल पुराना 'पश्चिम बंगाल पशु हत्या नियंत्रण अधिनियम, 1950' का उल्लंघन करने पर 6 महीने तक की जेल और 1000 रुपए तक का जुर्माना या फिर दोनों सजाएं हो सकती हैं। इतना ही नहीं अगर फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने से मना कर दिया जाता है, तो कोई भी व्यक्ति सर्टिफिकेट रद्द होने की सूचना मिलने के 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार के पास अपील कर सकता है।

## काला कोट पहनकर कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचीं ममता बनर्जी

### चुनाव के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामले में पैरवी की; बाहर निकलीं तो चोर-चोर के नारे लगे



**कोलकता,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी एक बार फिर काला कोट पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची। ममता गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल के सामने पेश हुईं। मामला 2026 के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था।

सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस स्नढ्ढक्र दर्ज करने की परमिशन नहीं दे रही है।

## देवास में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट 3 की मौत: 12 मजदूर गंभीर घायल

### शवों के टुकड़े 20-25 फीट दूर जा गिरे; फैक्ट्री मालिक हिरासत में



**देवास,एजेंसी।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के टोंक कलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हो गया। हादसे में धीरज, सनी और सुमित नाम के तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए हैं।इनमें 13 गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया है। ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। फैक्ट्री की दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घटना पर दुख जताते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और जांच के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता और घायलों के मुफ्त इलाज की घोषणा की है।

**दो केमिकल को मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था:** मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि दो केमिकल मिलाकर बारूद बनाया जा रहा था। इसी दौरान केमिकल की मात्रा सही नहीं मिलने से ब्लास्ट हो गया।



लोगों के अनुसार, जहां विस्फोट हुआ वहां 15 से 20 मजदूर काम कर रहे थे। लंच से करीब 15 से 20 मिनट पहले ही फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। लोगों ने बताया कि कर्मचारियों का खाना भी आ चुका था, लेकिन हादसे के बाद लोग खाना छोड़कर जान बचाने के लिए भागे।

**आरोप- अवैध फैक्ट्री के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं की:** घटना के बाद ग्रामीणों ने कमिश्नर का घेराव कर आरोप लगाया कि अवैध फैक्ट्री के खिलाफ पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में करीब 400 से 500 लोग काम करते हैं।

### सीएम ने दिए घटना की जांच के आदेश :

देवास जिले के टोंककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की घटना बेहद दुखद है। मुख्यमंत्री ने जिले के प्रभारी और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। घटना की जांच के आदेश भी दिए गए हैं।राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने और घायलों का मुफ्त इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से दिवंगतों की आत्मा की शांति, परिजनों को दुख सहने की शक्ति और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

## भाजपा बोली- राहुल 22 साल में 54 बार विदेश गए

### इस पर 60 करोड़ खर्च, बताएं फंडिंग किसने की; दावा- 2025 में सीक्रेट यात्राएं कीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भाजपा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाया है। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कहा- राहुल गांधी ने पिछले 22 साल में 54 विदेश यात्राएं की हैं। सितंबर 2025 में सीक्रेट यात्राएं भी की हैं।

उन्होंने दावा किया कि हर विदेश दौरे में राहुल के साथ 3-4 लोग भी जाते थे। इन यात्राओं पर कुल खर्च करीब ?60 करोड़ बैठता है। राहुल के हलफनामे के मुताबिक पिछले 10 साल में उनकी घोषित आय ?11 करोड़ रही, तो इन यात्राओं का खर्च किसने उठाया, किसने फंडिंग की है। राहुल फंडिंग का सोर्स बताएं।

**वियतनाम यात्रा पर भी सवाल उठाया**

इसी साल जनवरी में भाजपा ने दावा किया था कि राहुल वियतनाम दौरे पर गए हैं। आरोप लगाया था कि राहुल वियतनाम में भारत विरोधी लोगों के मेहमान बनकर देश के खिलाफ बोलेंगे।

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा था कि राहुल विदेश जाकर भारत के खिलाफ जहर उगलने का काम करते हैं। उन्होंने कांग्रेस से मांग की कि यह साफ किया जाए कि राहुल गांधी को विदेशों में कौन लोग और किन मकसदों से आमंत्रित करते हैं।त्रिवेदी ने सवाल उठाया था कि जब कांग्रेस शासित राज्यों में भी राहुल गांधी को औपचारिक तौर पर बुलावा नहीं मिलता, तो विदेशों में उन्हें कौन और क्यों आमंत्रित करता है।

## पीएम की बचत की अपील, 12 राज्यों में असर

### त्रिपुरा में 50प्रतिशत कर्मचारी ही ऑफिस आएंगे; आंध्र प्रदेश-गोवा में सीएम का काफिला आधा हुआ

**नई दिल्ली,एजेंसी।** पीएम मोदी की बचत की अपील का असर 12 राज्यों में दिख रहा है। त्रिपुरा में ग्रुप सी और डी के सिर्फ 50% सरकारी कर्मचारी ही रोज ऑफिस आएंगे, बाकी कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और गोवा के ष्टरू प्रमोद सावंत ने पेट्रोल बचाने, सरकारी खर्च कम करने के लिए अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या 50% कम करने का फैसला लिया है।पंजाब में गवर्नर ऑफिस में हर बुधवार को अधिकारी चार-पहिया वाहन से नहीं आएंगे। हरियाणा में सीएम नायब सिंह सैनी हफ्ते में एक दिन बिना गाड़ी के चलेंगे।इससे पहले बुधवार को दिल्ली, यूपी, एमपी, राजस्थान और बिहार में भी VVIP काफिले में गाड़ियों की संख्या कम कर दी गई है। पीएम मोदी भी बुधवार को काफिला छोड़ सिर्फ 2 गाड़ियों के साथ निकले। आमतौर पर पीएम के काफिले में 12 से 15 गाड़ियां रहती हैं।

- **ओडिशा: सीएम ने काफिले में गाड़ियां घटाई:** ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने अपने काफिले की गाड़ियां घटा दी हैं। उनके काफिले में सिर्फ चार गाड़ियां हैं। जिसमें दो पुलिस की गाड़ी शामिल हैं।
- **त्रिपुरा: 50% कर्मचारी ही ऑफिस आएंगे, बाकी वर्क फ्रॉम होम:** त्रिपुरा सरकार ने खर्च और पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब सरकारी दफ्तरों में ग्रुप ष्ट और ष्ठ के सिर्फ 50% कर्मचारी ही रोज ऑफिस आएंगे, बाकी कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम करेंगे। सरकार ने सभी विभागों को कर्मचारियों की साप्ताहिक ड्यूटी रोस्टर बनाने के निर्देश दिए हैं। जरूरी और इमरजेंसी सेवाओं वाले कर्मचारियों पर यह नियम लागू नहीं होगा।



- **हरियाणा: सीएम ने काफिला घटाया, हफ्ते में एक दिन बिना गाड़ी के चलेंगे:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए अपने सरकारी काफिले में गाड़ियों की संख्या कम करने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अब उनके काफिले में सिर्फ सुरक्षा के लिए जरूरी वाहन ही शामिल होंगे। सीएम ने यह भी तय किया है कि वे हफ्ते में एक दिन कोई भी गाड़ी इस्तेमाल नहीं करेंगे।
- **आंध्र प्रदेश: सीएम के साथ अब पहले से आधा काफिला:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने अपने काफिले में इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों की संख्या 50% कम करने का फैसला लिया है। अब जिला दौरों के दौरान उनके साथ पहले से आधी गाड़ियां ही चलेंगी। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों, वीआईपी लोगों से भी सरकारी गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने और जरूरत होने पर ही यात्रा करने की अपील की है।
- **पंजाब: हर बुधवार अधिकारी चार पहिया से नहीं आएंगे:** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा, हमने अपने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह फैसला किया है कि हर बुधवार को हमारा कोई भी अधिकारी चार-पहिया वाहन से नहीं आएगा।



## यूपी में आंधी-तूफान 100 लोगों की मौत

### 80किमी की आंधी में युवक उड़ा, राजस्थान में गर्मी का रेड अलर्ट; म.प्र. भी हीटवेव की चपेट में

**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/ पटना,एजेंसी।** देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 100 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 17 मौतें प्रयागराज और 21 मौतें भदोही में हुईं।


यहां 80 किमी. की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक युवक टीनशेड समेत हवा में उड़ गया। राज्य के बांदा शहर में तापमान 45.4डिग्री रहा। आज 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है।राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का



जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है। 13 जिलों में हीटवेव की चेतावनी है।वहीं, मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में हीटवेव चल रही है, जो 18 मई तक जारी रह सकती है।

### नीट पेपर लीक केस में अब तक 5 गिरफ्तार

## पुणे से एक ब्यूटीशियन भी हिरासत में ; राजस्थान पुलिस बोली : लीक पेपर 1000 कैंडिडेट तक पहुंचा



**पुणे/गुरुग्राम/जयपुर ,एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में 14 संदिग्धों से सीबीआई ने 24 घंटे पूछताछ के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को बुधवार को कोर्ट ने ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया। अब सीबीआई सभी आरोपियों को दिल्ली ले जाएगी।

सीबीआई ने राजस्थान के सीकर से आरोपी मांगी लाल बिंवाल, जमवारामगढ़ के भाई दिनेश बिंवाल, बेटा विकास बिंवाल, हरियाणा के गुरुग्राम के रहने वाले यश यादव और नासिक से शुभम खैरनार को गिरफ्तार किया है। शुभम ने ही यश को पेपर दिया था।जांच एजेंसी ने विक्रम यादव, योगेश प्रजापत, संदीप हरितवाल, नीतेश अजमेरा, सत्यनारायण, विक्रम, राकेश, रजत, अमित मीणा और रोहित मावलिया को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है।महाराष्ट्र के पुणे से ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे है और अहिल्यानगर से धनंजय निवृत्ति लोखंडे (26) को पकड़ा है। इनसे पूछताछ की जा रही है। मनीषा के 21 खातों में जमा 10 लाख रुपए किए गए थे।राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) के मुताबिक, राजस्थान में करीब एक हजार कैंडिडेट तक लीक पेपर पहुंचा था।

## चुनाव आयोग ने एसआईआर के तीसरे फेज की घोषणा की

### 6 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में करीब 37 करोड़ वोटरों का वेरिफिकेशन होगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (SIR) के तीसरे फेज की घोषणा की है। इस चरण के तहत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में करोड़ों मतदाताओं का घर-घर जाकर वेरिफिकेशन किया जाएगा।

चुनाव आयोग के अनुसार तीसरे फेज में 36.73 करोड़ मतदाताओं का वेरिफिकेशन होगा। इस प्रक्रिया में 3.94 लाख बूथ लेवल अधिकारी (BLO) तैनात होंगे। BLO की मदद के लिए राजनीतिक पार्टियों की तरफ नियुक्त 3.42 लाख बूथ लेवल एजेंट (BLA) भी शामिल रहेंगे।



## सुप्रीम कोर्ट बोला: देश में लेन ड्राइविंग का सिस्टम नहीं: ये हादसों की बड़ी वजह

### राज्यों-यूटी को निर्देश- पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ियों में ट्रैकिंग डिवाइस लगवाएं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देश में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर कहा कि भारत में लेन ड्राइविंग का कोई कॉन्सेप्ट ही नहीं है। यही दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बन रहा है। कोर्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर कई अहम निर्देश भी जारी किए।

कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ियों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस (VLTD) और इमरजेंसी पैनिक बटन अनिवार्य रूप से लगाए जाएं।

कोर्ट ने कहा कि ये उपकरण खासकर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सुरक्षा के लिए जरूरी हैं। केंद्र सरकार ने 2018 में ही यह नियम लागू किया था, लेकिन अब तक केवल करीब 1% वाहनों में ही ये उपकरण लगाए गए हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने 2012 में दायर सर्जन एस. राजशेखरन की जनहित याचिका पर सुनवाई की। याचिका में देशभर में सड़क सुरक्षा नियमों को




प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की गई थी।

**बिना डिवाइस फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब कोई भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट गाड़ी तब तक फिटनेस सर्टिफिकेट या परमिट नहीं पाएगा, जब तक उसमें VLTD और पैनिक बटन नहीं लगे होंगे।

कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाड़ी निर्माताओं के साथ बातचीत करने का निर्देश भी दिया, ताकि प्रोडक्शन के समय ही ये डिवाइस लगाए जाएं।

## कर्पूरी सेना द्वारा गुरुवार को प्रस्तावित विरोध मार्च टला

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत के वार्ड पार्षद राजा बाबू ठाकुर के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कर्पूरी सेना द्वारा गुरुवार को प्रस्तावित विरोध मार्च पुलिस की सूझबूझ से टल गया। हालांकि मृतक के दरवाजे पर मौजूद कर्पूरी सेना के नेताओं से मिलने पहुंचे एकमा के सर्किल इंस्पेक्टर किरण शंकर तथा थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का उन्हें आश्वासन दिया। पदाधिकारी द्वय ने कर्पूरी सेना के नेताओं सहित परिजनों को आश्वस्त किया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के उद्देश्य से जल्द ही उनके घर पर इश्तेहार चस्पा किया जाएगा तथा कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उधर मृतक के गोंढा स्थित आवास पर मौजूद कर्पूरी सेना के नेताओं ने पुलिस पदाधिकारियों से आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने के साथ साथ पीड़ित परिजनों को मुआवजा दिलाने की भी मांग की। मृतक के दरवाजे पर उनके परिजनों के कर्पूरी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिन्स ठाकुर,अखिलेश ठाकुर,संदीप शर्मा,राजेन्द्र ठाकुर,नीरज ठाकुर,पंकज ठाकुर,राजू ठाकुर तथा नागेन्द्र ठाकुर के अलावा मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बिट्टू राय एवम उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। इधर कर्पूरी सेना के सम्भावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस व सैप के जवानों को सुबह से ही तैनात कर दिया गया था। बताते चलें कि बीते 24 अप्रैल की देर शाम वार्ड पार्षद राजा बाबू ठाकुर के तिलकोत्सव की पूर्व संध्या पर अपराध कर्मियों द्वारा चाकू घोंप कर उन्हें तथा दो अन्य परिजनों को बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था तथा इलाज के लिए छपरा ले जाते समय रास्ते में ही वार्ड पार्षद की मौत हो गई थी। घटना के दिन से लेकर अबतक सुरक्षा के दृष्टिकोण से मृतक के दरवाजे पर पुलिस को तैनात करके रखा गया है।

## ताजपुर के समीप दाहा नदी पर अवस्थित सडक पुल को जांचोपरांत परित्यक्त घोषित

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** सारण जिले के मांझी से सिवान दाहाके गुठनी को राजकीय सड़क मार्ग से जोड़ने वाला ताजपुर के समीप दाहा नदी पर अवस्थित सडक पुल को जांचोपरांत परित्यक्त घोषित कर दिया गया। गुरुवार से पुल पर चारपहिया व भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बन्द कर दिया गया। छपरा के सदर एसडीओ नितेश कुमार तथा पथ निर्माण विभाग के एसडीओ संजय कुमार एवम मांझी के सीओ सौरभ अभिषेक द्वारा जर्जर हो चुके सड़क पुल की जांच करने के बाद पुल के मुहाने पर लोहे का गार्डर विधिवत स्थापित कर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बन्द कर दिया गया। अब पुल होकर सिर्फ पैदल यात्री अथवा दोपहिया ही आ जा सकेंगे। बताते चलें कि जर्जर पुल से गुजरने वाले वाहनों के आवागमन से भीषण हादसे की आशंका बनी हुई थी। पदाधिकारियों ने बताया कि जर्जर पुल को तत्काल तोड़कर हटाया जाएगा तथा पुराने पुल के स्थान पर डायवर्जन का निर्माण कराया जाएगा ताकि ताजपुर व सिसवन के बीच वाहनों का परिचालन कराया जा सके। फिलहाल वाहनों का परिचालन एकमा के रास्ते होकर कराया जाएगा। बताते चलें कि उक्त सड़क पुल का निर्माण 14 फरवरी वर्ष 2010 में सात करोड़ दस लाख रुपये की लागत से कराया गया था तथा इसका विधिवत उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था।

## बन्नी वार्ड 13 में नल-जल योजना के पानी टंकी से स्टार्टर की हुई चोरी

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के कादीपुर पंचायत अंतर्गत बन्नी गांव वार्ड संख्या-13 में बुधवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने नल-जल योजना के पानी टंकी का ताला तोड़कर स्टार्टर सहित अन्य सामान की चोरी कर ली. घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह तब हुई,जब पूर्व वार्ड सदस्य प्रतिनिधि धर्मेंद्र कुमार मोटर चालू कर पानी सप्लाई करने पहुंचे.घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के सरपंच तमन्ना आलम,वार्ड सदस्य सह समाजसेवी चितरंजन कुमार,चंद्रमा राय, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली.वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने अन्य घटना को भी अंजाम दिया है,चोरी की घटना से नल-जल योजना की जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष अभिनंदन यादव ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## घाघरा नदी के पर्यावरणीय आकलन को लेकर रुड़की आईआईटीकी टीम मांझी पहुंची

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** घाघरा नदी के बदलते स्वरूप और उसके पर्यावरणीय प्रभावों के आकलन के लिए आईआईटी रुड़की की विशेषज्ञ टीम गुरुवार को मांझी पहुंची। टीम ने नदी के विभिन्न घाटों और तटीय इलाकों का निरीक्षण कर जल प्रवाह, तट कटाव, मिट्टी की स्थिति और आसपास के पर्यावरणीय बदलावों का जायजा लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने स्थानीय ग्रामीणों, किसानों और नाविकों से बातचीत कर वर्षों में नदी के स्वभाव में आए बदलावों की जानकारी भी ली। सूत्रों के अनुसार, यह अध्ययन घाघरा नदी के पर्यावरणीय आकलन के तहत किया जा रहा है, जिसमें नदी के जल की गुणवत्ता, जैव विविधता, तटीय कटाव, जलधारा की दिशा और मानव गतिविधियों के प्रभाव का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा। टीम ने नदी किनारे के कई स्थानों से पानी और मिट्टी के नमूने भी संग्रहित किए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। ग्रामीणों ने विशेषज्ञ टीम के समक्ष नदी कटाव, खेती योग्य भूमि के नुकसान और बाढ़ के दौरान बढ़ने वाली परेशानियों को प्रमुख मुद्दा बताया। लोगों का कहना है कि हर साल नदी का रुख बदलने से गांवों पर खतरा बढ़ता जा रहा है, जिससे किसानों की चिंता गहराई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अध्ययन की रिपोर्ट तैयार होने के बाद नदी संरक्षण, कटाव नियंत्रण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने को लेकर आवश्यक सुझाव संबंधित विभागों को दिए जाएंगे। माना जा रहा है कि इस रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में घाघरा नदी क्षेत्र में विकास और सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को नया आधार मिल सकता है।

## संदिग्ध हालत में वृद्ध का शव मिलने से सनसनी

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** दाउदपुर थाना क्षेत्र के मियां बड़की बगीचा के समीप गुरुवार की शाम संदिग्ध परिस्थिति में एक वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान दाउदपुर नोनियाडीह निवासी स्वर्गीय परोंजन महतो के 60 वर्षीय पुत्र भरत महतो के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों के अनुसार भरत महतो गुरुवार सुबह करीब नौ बजे बिना भोजन किए घर से निकले थे, जिसके बाद वे वापस नहीं लौटे। काफी देर तक घर नहीं पहुंचने पर उनकी पत्नी कौशल देवी उन्हें खोजने निकलीं। तलाश के दौरान मियां बड़की बगीचा स्थित एक बांध के पास उनका शव पड़ा मिला। पति को मृत अवस्था में देख पत्नी दहाड़ मारकर रोने लगी, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।बताया जाता है कि मृतक के आंख, सीना और पैर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे मामला संदिग्ध माना जा रहा है। सूचना पर पहुंची दाउदपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। हालांकि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और पुलिस को लिखित आवेदन देकर शव अपने साथ ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# आंधी में उड़ी नल-जल टंकी, सांसद प्रतिनिधि की पहल पर दो दिन में नई स्थापित



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** दरियापुर प्रखंड की टरवा मंगरपाल पंचायत के वार्ड संख्या-14, बरुआ गांव में पिछले दिनों आई तेज आंधी-पानी के कारण नल-जल योजना की पानी टंकी क्षतिग्रस्त होकर उड़ गई थी। टंकी के नष्ट होने से गांव में पेयजल का भारी संकट उत्पन्न हो गया था और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे थे। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी के कंट्रोल रूम और भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह को आवेदन सौंपा। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि ने तत्काल संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता की। इस त्वरित पहल का असर यह हुआ कि मात्र दो दिनों के भीतर गांव में 5000 लीटर क्षमता की नई पानी टंकी स्थापित कर दी गई और जलापूर्ति बहाल हो गई।

बुधवार को सोनपुर जाने के दौरान गांव पहुंचे सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह और पैक्स प्रतिनिधि संजीत सिंह का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने फूल-माला और अंगवस्त्र भेंट कर सांसद राजीव प्रताप रूडी और उनकी टीम के प्रति इस त्वरित कार्रवाई के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर दिनेश सहनी, सुनील भगत, पंकज कुमार और जितेंद्र गिरी सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## किसानों ने सीखें उन्नत खेती के गुण

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के नारायणपुर पंचायत के रामपुर महेश गांव में गुरुवार को कावेरी सीड कम्पनी लिमिटेड द्वारा किसानों के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसानों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। बैठक में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और आधुनिक खेती एवं उन्नत बीजों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। बैठक का संचालन कंपनी के टेरिटरी मैनेजर साकेत कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर नागेंद्र महतो भी उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों को धान की उत्कृष्ट एवं अधिक उत्पादन देने वाली किस्म-468, 475 तथा 9090 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि कावेरी सीड कंपनी लिमिटेड किसानों के बीच उच्च गुणवत्ता वाले एवं बेहतर उत्पादन देने वाले बीज उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कंपनी का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाना है। किसानों ने बैठक में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कंपनी द्वारा दी गई जानकारी की सराहना की। किसानों ने कहा कि ऐसी बैठकों से उन्हें नई तकनीकों एवं बेहतर बीजों की जानकारी मिलती है, जिससे खेती में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। मौके पर सरपंच राजबल्म साह, वार्ड सदस्य सुनील कुमार, कृष्णा साह, पूर्व बीडीसी नागेंद्र प्रसाद, छठु कुशवाहा, रविन्द्र कुमार, वकील साह, बलदेव सिंह, विश्वनाथ सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीवान ने मढ़ौरा को दी 3-1 से शिकस्त, शील्ड पर जमाया कब्जा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** नगर के थाना के पीछे चीनी मिल हाता खेल मैदान में गुरुवार को मढ़ौरा और सीवान के बीच एक बेहद रोमांचक फुटबॉल मुकाबले में सिवान 3-1 से विजयी रही। इस भिड़ंत में सीवान की चौधरी-11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता शील्ड पर कब्जा जमाया।

खेल के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही। मध्यांतर तक मढ़ौरा की गढ़देवी फुटबॉल टीम और सीवान की चौधरी-11 की टीम 1-1 की बराबरी पर रहीं। मध्यांतर के बाद सीवान के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और दूसरा और तीसरा गोल दाग कर निर्णायक बढ़त बना लिया। खेल समाप्ति तक सीवान ने अपनी 3 - 1 की बढ़त कायम रखी। सीवान की टीम का नेतृत्व कप्तान सुशील कुमार ने किया, सिवान के गोलकीपर अविनाश यादव ने बेहतरीन बचाव किए। दूसरी ओर, मढ़ौरा टीम की कप्तानी रितेश कुमार ने की, मढ़ौरा के गोलकीपर सुमित कुमार के भी शानदार प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहना की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रोफेसर गोरा बाबू व युवा समाजसेवी नीरज कुमार ने प्रदान की।मैच का आयोजन फुटबॉलर व कोच प्रभाकर सिंह मोनू के निर्देशन में हुआ, जबकि रेफरी की भूमिका सुजीत कुमार ने निभाई। इस अवसर पर एलआईसी डीओ संजय चौधरी, अरविंद कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बिहार पुलिस की टीम 42 रनों से बनी विजेता



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** बिहार पुलिस तथा मीडिया के बीच में पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेले गए एक मैच में बिहार पुलिस की टीम ने मीडिया को 42 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले खेलते हुए बिहार पुलिस की टीम ने 20 ओवरों के निर्धारित मैच में पांच विकेटो के नुकसान पर 172 रन बनाए।

बिहार पुलिस की ओर से संदेश ने 55,कप्तान राजेश मिश्रा ने 40 तथा शाहनवाज न` 38 रन का योगदान दिया। जवाब में मीडिया की टीम रौनक के 52 तथा आदर्श के 34 रनों के आकर्षक बल्लेबाजी के बावजूद 17.4 ओवर में 130 रन ही बना सकी और पूरी टीम आऊट हो गयी।

इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार पुलिस के कप्तान राजेश मिश्रा ने बताया कि बी एस ए पी03 के कमांडेंट उपेंद्र प्रसाद ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित किया तथा बधाई दी।

## नगरा बीईओ ने किया विद्यालयों का औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**दैनिक खोज खबर/नगरा (सारण)।**प्रखंड क्षेत्र के बीबी राम प्लस टू विद्यालय नगरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कादीपुर सहित क्षेत्र का अन्य विद्यालय में गुरुवार को प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिष्णु कुमार ने औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति रजिस्टर,मध्यान भोजन व्यवस्था,बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की जांच की.इस दौरान प्रभारी बीईओ ने प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों से बातचीत कर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए.उन्होंने विद्यालयों में नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,साफ-सफाई एवं समय पर मध्यान भोजन संचालन सुनिश्चित करने को कहा.उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यालय संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही या शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## जलालपुर में डिग्री कॉलेज खोलने के लिए सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने लिखा बिहार सरकार को पत्र

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने जलालपुर में डिग्री कॉलेज खोलने के लिए बिहार सरकार के सचिव,उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित कर डिग्री कॉलेज खोलने की मांग की है।उन्होंने लिखे पत्र के माध्यम से कहा है कि बिहार सरकार द्वारा हर प्रखंड में शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु एक डिग्री कालेज खोलने की योजना चल रही है।उसके चलते बिहार के विभिन्न प्रखंडों में कालेज खोलने हेतु सूची जारी किया गया है।जिसमे मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सारन जिला के जलालपुर प्रखंड का नाम उसमें नहीं है। जबकि वर्तमान में जलालपुर में किसी तरह के डिग्री कॉलेज का संचालन नहीं हो रहा है। जलालपुर में डिग्री कालेज खोलने हेतु उनके द्वारा 2025 के अप्रैल माह में ही माननीय मुख्यमंत्री जी एवं माननीय शिक्षा मंत्री जी को पत्र के माध्यम से आग्रह किया।

## रिटायर्ड इंस्पेक्टर वीरेंद्र तिवारी के निधन पर शोक की लहर, संवेदना व्यक्त



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी (सारण)।** अमनौर प्रखंड के भेल्दी थाना क्षेत्र के मदारपुर पंचायत के गोसी छपरा गांव के रहने वाले राष्ट्रपति से पुरस्कृत रिटायर्ड इंस्पेक्टर वीरेंद्र नाथ तिवारी का गुरूवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया।इंस्पेक्टर वीरेंद्र नाथ तिवारी 77 वर्ष के थे।वे अपनी ड्यूटी के दौरान अनेक ऐसे कार्य किए थे जिसकी प्रशंसा लोग खूब किया करते थे।कर्तव्य और निष्ठा के पालन करने वाले इंस्पेक्टर वीरेंद्र नाथ तिवारी को राष्ट्रपति के द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया था। जो क्षेत्र में चर्चाएं का विषय बना हुआ था वीरेंद्र तिवारी अपने पीछे दो पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।वीरेंद्र तिवारी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव गोसी छपरा लाया गया जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हे नम आंखों से अंतिम विदाई दी।वे काफी मिलनसार थे।उनके शव यात्रा में काफी संख्या में शामिल थे।उनका अंतिम संस्कार डोरीगंज श्मशान घाट पर किया गया।उनके निधन पर मदारपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि टीपू राय, मुखिया प्रतिनिधि उमेश सिंह, शंभूनाथ द्विवेदी, सच्चिदानंद सिंह बीडीसी राजीव कुमार सिंह पैक्स अध्यक्ष राजू कुमार राय, पत्रकार राजेश उपाध्याय, आचार्य अजय कुमार त्रिपाठी, ठेकेदार लालबाबू सिंह, रविंद्रनाथ तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी, प्रो.चन्द्रभूषण तिवारी, विजय तिवारी, डा.सुधीरंजन दुबे, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि नरेश तिवारी, शिक्षक उदय तिवारी, कामेश्वर तिवारी, पूर्व शिक्षक गजाधर तिवारी, विकास कुमार, संजीव कुमार तिवारी, भिखारी तिवारी, संत तिवारी, रविकांत तिवारी, पप्पु पाण्डेय, छोटे कुमार, मुनेन्द्र शर्मा, मृत्युंजय तिवारी, धनंजय तिवारी, सुभाष तिवारी, शारदानंद तिवारी, धर्मेन्द्र साह, बच्चा तिवारी, अजीत उपाध्याय, सरोज तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, मनोज तिवारी, आलोक तिवारी, पंकज तिवारी, आदि ने गहरी संवेदना ब्यक्त करते हुए गांव व समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है।



## पानापुर में पुलिस ने सैकड़ों लीटर देशी शराब किया बरामद

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस ने बुधवार की शाम बसहिया गांव में छापेमारी कर सैकड़ों लीटर स्पिरिट जब्त किया. बताया जाता है कि गश्ती पर निकली पुलिस को सूचना मिली कि बसहिया गांव के एक झोपड़ी में शराब के छोटे कारोबारियों के बीच सप्लाई करने के लिए भारी मात्रा में स्पिरिट शराब छुपाया गया है.सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आयी एवं बुधवार की शाम छापेमारी कर झोपड़ी में छिपाये गये 50 लीटर वाले 9 गैलन स्पिरिट शराब को जब्त कर लिया जिसकी मात्रा 450 लीटर बतायी जाती है.हालांकि पुलिसिया कार्रवाई की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गये. इतनी भारी मात्रा में शराब बरामदगी को पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है. इस मामले में पुलिस ने पांच धंधेबाजों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. वही पुलिस ने कोंध भगवानपुर गांव में छापेमारी कर शराब मामले के ही एक नामजद अभियुक्त सुखल राउत को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय भेज दिया।

## टेम्पो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(शरणा)।** मांझी थाना क्षेत्र के महम्मदपुर मठिया गांव के समीप महम्मदपुर झूखुरिया माई मुख्य मार्ग पर गुरुवार की शाम एक टेम्पो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय मो जाफर आलम के रूप में हुई है। मृतक झारखंड के धनबाद के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार मो जाफर प्रतिदिन की तरह रसूलपुर से महम्मदपुर यात्रियों को लेकर आ रहे थे तभी महम्मदपुर मठिया गांव के समीप वे अचानक अचेत हो गए, जिससे टेम्पो सड़क किनारे एक गड्ढे में जा अटका। इस घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। टेम्पो में सवार कुछ यात्रियों को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के रिश्तेदार अहमद रजा ने बताया कि जाफर आलम रसूलपुर स्थित अपने ससुराल में रहकर टेम्पो चलाते थे और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटनास्थल पर मौजूद लोग मृतक के सरल स्वभाव की चर्चा कर रहे थे। घटना की सूचना पाकर मांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। हालांकि, परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बाद में पुलिस को एक लिखित आवेदन देकर परिजन शव लेकर अपने घर के लिए रवाना हो गए।

## एकमा सामूहिक दुष्कर्म कांड में बड़ी कार्रवाई : फरार दो आरोपियों ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** जिले के चर्चित एकमा सामूहिक दुष्कर्म कांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते चार दिनों से फरार चल रहे दो आरोपियों ने पुलिस की लगातार दबिश और कानूनी कार्रवाई के बढ़ते दबाव के बीच छपरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर एकमा थाना कांड में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी थी। 10 मई की रात नाबालिग पीड़िता के परिजनों के लिखित आवेदन के आधार पर एकमा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता की गोपनीयता बनाए रखते हुए सदर-2 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। इसके साथ ही 11 मई की सुबह एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए, जबकि पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण भी कराया गया। 12 मई को पीड़िता का बयान पॉक्सो कोर्ट में दर्ज कराया गया। पुलिस जांच में तीन आरोपियों की पहचान हुई थी। इनमें एक विधि-विरुद्ध बालक को पहले ही निरुद्ध कर लिया गया था। वहीं फरार चल रहे निशांत कुमार सिंह, निवासी कोहड़गढ़ और प्रदीप कुमार सिंह, निवासी भोरहोपुर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस ने कड़ी कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। बढ़ते दबाव के बीच दोनों आरोपियों ने 13 मई को छपरा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।

# गंगा दशहरा पर सबलपुर संगम तट पर होगा तीन दिवसीय भव्य महोत्सव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर (सारण)।** हरिहर क्षेत्र की पावन भूमि सोनपुर के सबलपुर कचहरी बाजार स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में गुरुवार को संत-महात्माओं, समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सबलपुर संगम क्षेत्र के पौराणिक महत्व के संरक्षण और इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की गई, साथ ही आगामी गंगा दशहरा के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

**इस्कॉन प्रचारक करेंगे कथा वाचन:** आयोजन समिति के अनुसार, गंगा दशहरा महोत्सव 23, 24 एवं 25 मई तक चलेगा। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक एवं इस्कॉन प्रचारक सीता रामेश्वर दास जी महाराज अपने श्रीमुख से संगम की महिमा, गंगा महात्म्य और संत परंपरा पर प्रकाश डालेंगे।

**भव्य गंगा आरती और मुख्य महोत्सव 25 मई :** संध्या काल में संगम घाट पर भव्य एवं दिव्य गंगा आरती का



आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय व बाहरी कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे।

**26 मई (मंगलवार) :** गंगा अवतरण दिवस (गंगा दशहरा) के मुख्य अवसर पर प्रातः 9 बजे से मुख्य महोत्सव प्रारंभ होगा।

**विशेष आकर्षण :** कार्यक्रम में महिला उत्थान पर चर्चा, संत सम्मेलन, गंगा-गंडक संगम स्नान, ध्यान, यज्ञ-हवन और सामूहिक भंडारा आयोजित किया जाएगा।

**सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर बचाने का संकल्प:** बैठक की अध्यक्षता माधव प्रसाद राय तथा संचालन अनिल कुमार ने किया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के बिहार-झारखंड संयोजक विनोद कुमार सिंह यादव ने कहा कि हरिहर क्षेत्र प्राचीन काल से ही श्रद्धा और साधना का केंद्र रहा है। उन्होंने हरिहरनाथ मंदिर, कौनहारा घाट और पंचकोसी परिक्रमा जैसे आयोजनों की महत्ता पर जोर देते हुए सबलपुर संगम को पुनः सुदृढ़ करने की बात कही।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में संत शिरोमणि विष्णुदास उदासीन उर्फ मौनी बाबा, डॉ. दामोदर दास जी, सरदार महेंद्र सिंह ढिल्लन, स्वामी ब्रह्मानंद जी, संत सीता रामेश्वर दास जी महाराज समेत बिहार सिख समाज के प्रतिनिधि और भारी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में संगम क्षेत्र के विकास और संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

## महम्मदपुर व कटोखर गांव से 197 लीटर शराब बरामद



**दैनिक खोज खबर /मांझी(सारण)।** मांझी थाना की पुलिस टीम ने बुधवार की देर रात तस्करों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई मे पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के महम्मदपुर व कटोखर गांव से 197 लीटर शराब बरामद की है। इस संबध मे पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की महम्मदपुर गांव मे कुछ व्यक्तियों द्वारा अंग्रेजी शराब लाकर घर के बगल मे छुपा कर रखा गया है तथा तस्कर उसे अन्यत्र भेजने की फिराक मे है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने तत्परता दिखाते हुए उक्त स्थान के समीप घेराबंदी कर छापेमारी की जहाँ मौके से लगभग 9 लीटर बंटी बबली और 7 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। लेकिन छापेमारी की भनक लगते ही तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। दूसरी छापेमारी की कटोखर मे की गई जहां से 181 लीटर अंग्रेजी शराब बरामदगी की गई। पुलिस सूत्रों ने बताया की दोनों तस्करो की पहचान कर लीं गई है तथा उनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## सड़क हादसे में तीन की गयी जान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** दाउदपुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। गुरुवार की सुबह बनवार ढाला के समीप ट्रक और टेंपो के बीच टक्कर में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में एक की मौके पर मौत, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद टेंपो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे. इनमें एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. वहीं, स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 102 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भेजा, लेकिन चिकित्सक ने जांच के बाद दो अन्य लोगों को भी मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मृतकों की पहचान और उनकी उम्र से संबंधित जानकारी जुटाने में लगी हुई थी।

## अरणी मंथन के साथ विराट शतचंडी महायज्ञ प्रारम्भ, परिक्रमा के लिए उमड़ी भीड़



**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** प्रखंड के पचपतरा स्थित प्रसिद्ध वनदेवी माता मंदिर परिसर में आयोजित विराट शतचंडी महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और अरणी मंथन के साथ यज्ञशाला की परिक्रमा विधिवत शुरू हुई।

**लकड़ी के घर्षण से प्रकट हुए अग्निदेव:** यज्ञ के दौरान जैसे ही अरणी मंथन (लकड़ी के घर्षण) के माध्यम से अग्नि देव प्रकट हुए, पूरा परिसर 'जय माता दी' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा। यज्ञकर्ता पूज्य गुरुदेव श्रीधर बाबा ने इस अवसर पर कहा कि महायज्ञ से न केवल क्षेत्र की शुद्धि होती है, बल्कि विश्व के समस्त जीव-जंतुओं का कल्याण होता है। पचपतरा में बाबा द्वारा यह छठा यज्ञ आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**भक्ति और शक्ति का संगमः 24 घंटे की कठिन परिक्रमाः** इस भीषण गर्मी में जहाँ लोग घरों से निकलने में कतरा रहे हैं, वहीं एक महिला श्रद्धालु की अटूट आस्था चर्चा का विषय बनी हुई है। अपनी किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए उक्त महिला लगातार 24 घंटे से यज्ञशाला की परिक्रमा कर रही है। इस कठिन तपस्या को देखकर हर कोई आश्चर्यचकित है। उनके साथ ही विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भी यज्ञशाला की परिक्रमा शुरू कर दी है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडाराः** बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन रामलीला और विद्वान संतों द्वारा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।



## आनलाइन दवा बिक्री सहित अन्य मुद्दों के विरोध में 20 को बंद रहेगा दवा दुकान

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख्तर/सीवान।** सिवान डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन, आल इंडिया आर्गेनाइजेशन आफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) एवं बिहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर बीस मई को आनलाइन दवा बिक्री, कार्पोरेट कंपनियों द्वारा डिस्काउंट एवं नकली दवाओं के विरोध में देशव्यापी बंदी का समर्थन करते हुए जिला के सभी दवा प्रतिष्ठानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर गुरुवार को सिवान डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गुप्ता एवं सचिव राजीव कुमार चौबे ने की। बैठक में दवा व्यवसाय से जुड़े लोगों ने एक स्वर में बंद को सफल बनाने का संकल्प लिया तथा आम लोगों से सहयोग की अपील की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि आनलाइन दवा बिक्री एवं कार्पोरेट छूट नीति छोटे दवा व्यवसायियों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न कर रही है। साथ ही नकली दवाओं के बढ़ते प्रचलन से आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर यह बंदी आयोजित की जा रही है। बैठक में मुख्य रूप से नीलेश वर्मा नील, विजय कुमार, अरविंद चौधरी, विनय सिंह, विजय सिंह, केशव सिंह, मयंक सिंह, घनश्याम प्रसाद, डा.के एम प्रसाद, अरविंद कुमार, कौशल किशोर सहित कई दवा व्यवसायी उपस्थित रहे।

## प्रसूता का आपरेशन नहीं होने से नवजात की मौत, हंगामा

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख्तर/सीवान।** सदर अस्पताल में गुरुवार को प्रसूता का समय से आपरेशन नहीं होने के कारण नवजात की मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामला को समझा बुझाकर शांत कराई। प्रसूता जीबी नगर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी प्रदीप चौहान की पत्नी है। घटना के संबंध में महिला के भाई मिथिलेश कुमार ने बताया कि सुबह करीब सात बजे के आसपास सदर अस्पताल के महिला वार्ड में भर्ती कराया गया। बहन को बहुत दर्द से पीड़ा हो रही थी। डाक्टर द्वारा ब्लड जांच के लिए इधर-उधर भेजा जा रहा था। जांच रिपोर्ट के इंतजार में डाक्टर आपरेशन नहीं की। नौ बजे जांच रिपोर्ट मिलनी थी। जांच रिपोर्ट आने से पहले ही स्थिति नाजुक हो गई थी। महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने एक दूसरे पर टाल मटोल कर समय को बर्बाद कर दिया। बार-बार बोलने के बाद भी महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने आपरेशन के लिए या बेहतर देखरेख करने के लिए कोई प्रयास नहीं की। स्वास्थ्य कर्मियों को नो महीना की सभी रिपोर्ट दिखाई गई सब कुछ सामान्य था लेकिन सिर्फ सदर अस्पताल से ब्लड जांच रिपोर्ट समय से नहीं मिली इस कारण डाक्टर और महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने लापरवाही बरती। जिसके कारण बच्चा की मौत हो गई। इस संबंध में प्रभारी अधीक्षक डा. रीता सिन्हा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। प्रसव के दौरान घटना हुई है।

## पुलिस बलों पर हमले का आरोपित गिरफ्तार, पिता पहले ही हुआ था गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख्तर/सीवान।** एसपी पूरन कुमार झा के निर्देश पर वारंटियों के गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गुरुवार की अल सुबह जामो बाजार थाना क्षेत्र के जोगापुर कोठी गांव में छापेमारी कर पुलिस बलों पर हमले के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि आरोपित राजकिशोर चौरसिया उर्फ राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। फरवरी में वारंटी को गिरफ्तार करने पुअनि सद्दाम आलम के नेतृत्व में गइ पुलिस टीम पर अचानक हमला कर दिया गया था। घटना में तीन पुलिस बल घायल हुए थे। वहीं पुअनि के बयान पर प्राथमिकी में पांच नामजद व अन्य अज्ञात आरोपित बनाए गए थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार राजकिशोर के पिता रामबहादुर चौरसिया को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं अब भी फरार चल रहे तीन नामजद की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## हनुमते महायज्ञ को ले निकली कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/ दारौंदा(सीवान)।** प्रखंड के बालबंगरा पंचायत स्थित रगड़गंज गांव में गुरुवार को हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ को लेकर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल देखने को मिला। यज्ञ के अवसर पर गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर महाराजगंज-बसंतपुर मुख्य मार्ग से गुजरते हुए लगभग दो किलोमीटर दूर महुआरी बाजार स्थित शिव मंदिर के समीप गंडकी नदी तट पहुंची। वहां यज्ञाचार्य आचार्य विश्वेश्वर त्रिपाठी एवं उपाचार्य रमेश कुमार दुबे सहित अन्य पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलशों की पूजा-अर्चना कराई तथा श्रद्धालुओं से कलश में जल भरवाया। इसके बाद श्रद्धालु पुनः कलश लेकर यज्ञ स्थल स्थित श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ मंदिर पहुंचे। यात्रा के दौरान महिलाओं की लंबी कतार आकर्षण का केंद्र बनी रही। महिलाएं लाल-पीले पारंपरिक वस्त्रों में सिर पर कलश लिए भक्ति गीतों के बीच आगे बढ़ रही थीं। वहीं ढोल-नगाड़े और अन्य वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।कार्यक्रम में देवरिया पंचायत के मुखिया आलोक कुमार सिंह, लाल मोहन पासवान, सुमित कुमार, कौशल कुमार सिन्हा, श्रीकांत कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, कन्हैया प्रसाद, प्रिंस कुमार एवं मनीष कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## घर में घुसकर पिता पुत्र के साथ मारपीट आठ पर प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/ हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सहुलि टोले घिसनापुर निवासी भीखम पंडित ने 13 मई को थाने में आवेदन देकर मारपीट की प्राथमिकी कराई है। दिए आवेदन में पीड़ित ने कहा है कि 11 मई की देर रात मेरे पड़ोस के रहने वाले अभय यादव अपने स्वजनों संग मेरे घर में घुसकर मेरे पुत्र राजन को घर में घुसकर चोरी करने का आरोप लगाकर लाठी, डंडे से मारने लगे। तब मैंने डायल 112 की पुलिस टीम की बुलाया तो वे लोग समझा बुझाकर चले गए। अगले दिन 12 मई को पंचायती में सुलह समझौता भी हो गया। पुनः 13 मई को जब राजन आंदर जा रहा था तो रास्ते में अभय यादव ने घेरकर चाकू से वार मेरे पुत्र का हाथ जख्मी कर दिया थोड़ी देर बाद अभय यादव के स्वजनों ने लाठी, डंडा, ईंट पत्थर एवं फरसा लेकर आए एवं मेरे पुत्र राजन,कृष्णा,भतीजी पूजा कुमारी एवं मुझे मारपीट कर घायल कर दिए। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि आठ आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

### विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 17 गिरफ्तार

**सिवान।** जिले में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चला कर 24 घंटे में 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलान्तर्गत विशेष अभियान के दौरान 17 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# गोबर रखने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला की मौत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** स्थानीय थाने के अरना लोकनाथपुर गांव में गोबर रखने के विवाद को लेकर बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट की घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए।जख्मी महिला की मौत गुरूवार को पीएमसीएच में इलाज के दौरान हो गई।मृतका शिवकान्ती देवी(50) भेल्दी थाने के अरना लोकनाथपुर गांव के शिवनाथ राय पत्नी बताई जाती है।मारपीट के बाद दोनों पक्षों की ओर से भेल्दी थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।मिली जानकारी के अनुसार भेल्दी थाने के अरना लोकनाथपुर गांव के परमात्मा राय की पत्नी शिवकान्ती देवी का प्राथमिक उपचार गड़खा सीएचसी में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।स्थिति चिंताजनक देख सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया जहां गुरूवार को शिवकान्ती देवी की मौत हो गई।



**पीएमसीएच से शव आते ही परिजनों में मची चीख-पुकार :** मृत महिला शिवकान्ती देवी का शव पीएमसीएच से गुरूवार को अरना लोकनाथपुर गांव में आते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।मां का शव देखते ही पुत्री रीना कुमारी, छोटी कुमारी व खुश्बू कुमारी को रो-रोकर बुरा हाल है।बच्चों का चित्कार पत्थर को भी पिघला देने से कम था।भेल्दी पुलिस दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने के बाद नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।हालांकि समाचार प्रेषण तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

**दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिक दर्ज, 17 बनाए गए नामजद अभियुक्त :** थाने में दर्ज प्राथमिकी में अरना लोकनाथपुर गांव के एक पक्ष के परमात्मा राय ने कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के सुभाष राय, राजनारायण राय, रामनारायण राय, आत्मा राय, सुर्मिला देवी, लालपरी देवी, रामसती देवी समेत सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।वहीं दूसरी पक्ष के सुबास राय ने दर्ज एफआईआर में कहा है कि बुधवार को उनके पट्टीदार परमात्मा राय मेरे घर के दरवाजा के सामने मेरे जमीन में गोबर व बहारन फेंक दिया मना करने पर दस लोगों ने गाली-गलौज करते हुए दरवाजा पर आ गए मना करने पर परमात्मा राय मुझे पकड़ लिए और पवन कुमार अपने हाथ में लिए लोहे के रड से मुझे मार दिया।मुझे बचाने मेरी पत्नी सुर्मिला देवी आई तो लालबहादुर राय चाकू से प्रहार कर जख्मी कर दिए और ब्लाउज भी फाड़ दिया गया।इस मामले में परमात्मा राय, शिवनाथ राय, फुलकुमारी देवी, हरिन्दर राय, लालबाबू राय, पवन कुमार, गिनी राय समेत दस लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

## स्लीपर कोच से लावारिस स्थिति में शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/परवेज़ अख्तर/सीवान।** आरपीएफ की टीम ने जांच के दौरान ट्रेन से लावारिस हालत में शराब बरामद किया है। साथ हीं आगे की कार्रवाई हेतु उत्पाद विभाग को सौंप दिया है। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वाराणसी द्वारा गठित सीपीडीएस टीम एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त, छपरा के आदेशानुसार ट्रेन स्कार्ट गोरखपुर के निरीक्षक के निर्देशन में जांच की जा रही थी। जांच के दौरान गाड़ी संख्या 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस के कोच संख्या एस टू में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी के दौरान लावारिस हालत में रखे एक झोला से विदेशी शराब जब्त किया गया। झोला में बरामद शराब की कीमत पांच हजार 460 रुपये बताई जाती है।जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु उत्पाद विभाग को सुपुर्द किया गया।



## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से बालबाल बचा युवक

**दैनिक खोज खबर/ हुसैनगंज(सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के हुसैनगंज दक्षिण मोहल्ला निवासी नूर आलम के घर के पास लगभग दशकों से बिजली का तार जर्जर हो चुका है। पश्चिम दिशा में तार का खिंचाव अधिक होने के कारण बिजली पोल पश्चिम दिशा में झुककर नूर आलम के छत की दीवार के ऊपर से गुजर रहा है। बुधवार की शाम तेज़ हवा एवं बारिश के बाद गुरुवार की सुबह गीले चारदीवारी पर सुबह कपड़ा डालने के दौरान सिराज हुसैन को बिजली का जोरदार झटका महसूस हुआ। हालांकि युवक ने अपनी तत्परता से खुद का जल्दी बचाव कर लिया। ऐसे में एक बड़ी दुर्घटना टल गई। वहीं घर के लोगों में इस बात का डर बना हुआ है कि उनके घर दो हफ्ते बाद मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन है और घर में रिश्तेदारों का आना जान लगा रहेगा। ऐसे में कहीं कोई घटना ना हो जाए। स्वजनों का कहना है कि डेढ़ महीने पूर्व इस तार को हटाने व बिजली पोल को सीधा करने के लिए हुसैनगंज जेई इंद्रजीत सिंह से संपर्क किया गया और इसकी तस्वीर व वीडियो भी भेजी गई। किंतु डेढ़ महीने गुजर जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है और बिजली पोल का झुकाव लगातार घर की ओर बढ़ता जा रहा है।

## मालगोदाम साइडिंग से सीमेंट चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख्तर/सीवान।** सिवान मालगोदाम स्थित रेलवे साइडिंग से 60 बोरी प्रिज्म सीमेंट चोरी होने के मामला में आरपीएफ ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो चोर को सिवान माल गोदाम के पूर्वी छोर के उत्तर मेन रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार पटना जिला के बेलछी थाना क्षेत्र के मालचक निवासी सोनू कुमार व नगर थाना क्षेत्र के सिसवन ढाला टावर के पास वार्ड-39 निवासी संजय गोंड के रूप में हुई है।मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि आठ एवं नौ मई की मध्य रात्रि करीब 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने मालगोदाम साइडिंग से कुल 60 बोरी प्रिज्म सीमेंट की चोरी की थी। 12 मई को रियान वेंचर प्रा.लिमिटेड के प्रतिनिधि सह महादेवा थाना क्षेत्र के बिंदुसार बुजुर्ग निवासी नवल किशोर शर्मा द्वारा प्राथमिकी कराई गई। आठ मई को प्रिज्म कंपनी का सीमेंट का रैक मालगोदाम का लाइन नंबर तीन पर आया था। जिसको उक्त प्रतिनिधि व साथ कर्मचारियों द्वारा सभी वैगनो को चेक किया गया सभी सील ठीक स्थिति में पाकर मजदूरों द्वारा सीमेंट का अनलोडिंग कर मालगोदाम साइडिंग पर डंप कर दिया गया। मालगोदाम साइडिंग में डंप प्रिज्म सीमेंट की बोरियों को ट्रक के माध्यम से कंपनी के गोदाम में भेजा गया, जिसका मिलान करने पर 60 बोरियां कम पाई गई। संज्ञान में आया कि 60 बोरी प्रिज्म सीमेंट मालगोदाम साइडिंग से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। उक्त चोरित सीमेंट की कीमत बीस हजार चार सौ रुपया है। बताया कि गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना मिली कि उक्त ट्रेक्टर पर सीमेंट के साथ मालगोदाम के पास है।

## रेलवे ट्रैक पर नग्न अवस्था में मिला शव, हत्या की आशंका

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख्तर/सीवान।** सिवान जंक्शन-सिवान कचहरी रेलवे स्टेशन के मध्य किलोमीटर नंबर 1/14-16 पर गुरुवार की सुबह गाड़ी संख्या 75104 से कटकर एक युवक की मौत हो गई। मौत की सूचना पर पहुंची आरपीएफ, जीआरपी, नगर थाना, मुफस्सिल व हुसैनगंज थाना की पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। शव मिलने की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला लक्ष्मीपुर निवासी लक्ष्मण बांसफोर के पुत्र चंदन बांसफोर के रूप में हुई है। शव पर कपड़ा नहीं था और न ही उसके आसपास ही कोई कपड़ा दिखाई दिया। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कहीं और करने के बाद शव को रेल ट्रैक पर फेंका गया, ताकि घटना को हादसा साबित किया जा सके। मृतक के भाई सिकंदर ने बताया कि चंदन पिछले आठ से दस वर्षों से घर नहीं आया था और वह मानसिक रूप से बीमार था। जानकारी के अनुसार सिवान-अमलोरी सरसर रेलवे स्टेशन के मध्य किलोमीटर नंबर 1/14-16 पर गाड़ी संख्या 75104 से कटकर एक युवक की मौत हो गई। उक्त सूचना पर पाली प्रभारी ड्यूटी पर तैनात सउनि राजेंद्र सिंह व कांस्टेबल बबलू कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे। एक पुरुष उम्र करीब -30 का शव ट्रैक के बीच में पूरी तरह नग्न पड़ा हुआ था। उक्त स्टाफ द्वारा शव को ट्रैक से बाहर कर ट्रैक क्लियर कर दिया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों का सीबीएसई के 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** महाराजगंज केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में उमाशंकर चंपा देवी डीएवी पब्लिक स्कूल महाराजगंज के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर सफलता की नई ऊंचाइयां छुई हैं। सुधांशु कुमार ने 91% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शाश्वत गोस्वामी ने 88% अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतीक्षा 86% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डा. विजय कुमार साहू ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षक गणों को हार्दिक बधाई दी।

## बिजली आपूर्ति का मेन तार टूटने से रातभर अंधेरे में रहे लोग

**दैनिक खोज खबर/गोरेयाकोठी (सिवान)।** जामो बाजार स्थित गंडक कार्यालय के नजदीक मांझी-बरौली हाईवे पर बुधवार की देर शाम आइ तेज आंधी से बिजली आपूर्ति का मेन तार अचानक टूटकर गिर गया। इससे आसपास अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। यह महज संयोग रहा कि उस समय कोइ वाहन अथवा व्यक्ति चपेट में नहीं आया, अन्यथा कोइ अनहोनी भी हो सकती थी। वहीं तत्काल ही पूरे क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति भी ठप हो गइ। स्थानीय विनय भूषण, अमित कुमार, बिट्टू गुप्ता, अनिल गुप्ता, वाल्मीकि सोनी, रमेश प्रसाद, राजेश गुप्ता आदि लोगों का कहना था कि बिजली कंपनी द्वारा बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित कर तारों की मरम्मती कराइ जाती है। अगर ऐसा होता तो फिर बार-बार तार टूटने की घटनाएं ही नहीं होतीं। देर शाम आपूर्ति बाधित होने से लोग रातभर अंधेरे में ही रहे। गुरुवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे बिजली की आपूर्ति बहाल की गइ। लोगों का यह भी कहना था कि जर्जर तारों के अलावा ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड की समस्या से भी क्षेत्र में तार टूटने व फ्यूज उड़ने की घटना होती है। पूरे जामो बाजार व आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्या दूर करने की जिम्मेदारी राजू मिस्त्री की ही है।

## आभूषण दुकान में लूट के आरोपित की जमानत खारिज

**दैनिक खोज खबर/ परवेज़ अख्तर/सीवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के खोरीपाकर स्थित काली मंदिर समीप आभूषण व बर्तन की दुकान में हथियार के बल पर किए गए लूट के मामले में आरोपित की जमानत अर्जी जिला व सत्र न्यायाधीश की अदालत द्वारा गुरुवार को खारिज कर दी गई। आरोपित बड़हरिया थाना क्षेत्र के नवलपुर निवासी हर्ष कुमार है। वह 18 मार्च से न्यायिक हिरासत में है। पीड़ित दुकानदार बसंतपुर निवासी विजय कुमार है। जानकारी के अनुसार उनका पुत्र सुमित कुमार दो दिसंबर 2025 को दुकान पर अपने स्टाफ करही खुर्द निवासी शैलेश कुमार के साथ बैठा था। उसी समय संध्या साढ़े तीन बजे दो बाइक पर सवार होकर चार बदमाश मास्क व हेलमेट पहने आकर दुकान के सामने रुके और अपने पास रखे हथियार निकाल कर दो फायर किए। उसके बाद दुकान में घुसकर दुकान में बैठे सुमित और उसके कर्मी को हथियार का भय दिखाकर अपने कब्जे में ले लिए और दुकान में रखे लगभग साढ़े पांच किलो सोने-चांदी के गहने व एक लाख पचीस हजार रुपये नकदी लेकर भाग गए। इस मामले में पीड़ित के बयाान पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी की गई थी

## बाबा महेंद्रनाथ धाम में चला सफाई अभियान

**दैनिक खोज खबर/ सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के बाबा महेंद्रनाथ धाम परिसर में गुरुवार को जिला टीम और ब्लाक टीम द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मंदिर परिसर एवं सरोवर की सफाई की गई। आगामी श्रावण मास मेला को लेकर यह पहल शुरू की गई है ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण मिल सके। जिला को-आर्डिनेटर विक्की विशाल ने बताया कि श्रावणी मेला से पहले पूरे परिसर को पूरी तरह साफ-सुथरा बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बाबा महेंद्रनाथ धाम को आकर्षक और चकाचक बनाने के लिए लगातार सफाई अभियान चलाया जाएगा। बताया गया कि पिछले कई दिनों से ग्रामीण निपुण सिंह, अमितेश सिंह, धीरज गुप्ता, रामबाबू, राहुल सिंह, कमलेश कुमार पंडित, कमलेश कुमार सिंह, चंदन सिंह, राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी विकास सिंह राठौड़ तथा समाजसेवी प्रकाश सिंह पन्नू समेत अन्य लोग कमल दाह सरोवर की सफाई की मांग कर रहे थे। करीब 203 एकड़ में फैले इस सरोवर की सफाई को लेकर लोगों ने सरकार से पहल करने की अपील की थी। विक्की विशाल ने कहा कि ब्लाक को-आर्डिनेटर, स्वच्छता सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों के सहयोग से अभियान शुरू किया गया है। प्रयास किया जा रहा है कि श्रावण मास में लगने वाले भव्य मेले से पहले सरोवर की सफाई के लिए भी योजना लागू कर कार्य पूरा कर लिया जाए।

